**विद्यार्थी का नाम** ________________________ **रोल नंबर** _________

**कक्षा** - 5

**विषय - परिवेश अध्ययन**

**समय** : 180 **मिनट** **अंक : 80**

---

निर्देश-

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
2. प्रश्नों के रूप के अनुसार प्रश्न-पत्र को पाँच भागों क,ख,ग,घ,ड में बाँटा गया है |

---

**भाग-क (बहुविकल्पी प्रश्न)**

(1-15) **सही उत्तर का चयन करके लिखें | प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है |**

1. तबादले के दौरान होने वाला सकारात्मक पहलू कौन-सा है ?
   (I) नए घर में रहना अच्छा नहीं लगता ।
   (II) पुराने दोस्त वही रह जाते है ।
   (III) नयी नयी भाषा सीखने को मिलती है ।
   (IV) नए -नए स्थानों का खाना अच्छा नहीं लगता ।
2. योग करने से क्या लाभ होता है ?
   (I) इससे शरीर में चुस्ती -फुर्ती बनी रहती है ।
   (II) इसे करने में बहुत समय लगता है ।
   (III) इससे भूख ज्यादा लगती है ।
   (IV) इससे आलस बढ़ता है ।
3. अगर आपके स्कूल के आस पास गंदगी का ढेर बना हुआ है, तो उससे आप पर क्या प्रभाव पड़ेगा ?
   (I) आपके बीमार पड़ने की संभावना ज्यादा हो जाएगी ।
   (II) आप स्कूल में टीम बना कर इसे हटाने की व्यवस्था करेगे ।
   (III) आप पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा ।
   (IV) आप इस बात को अनदेखा कर देगे ।
4. जो लोग ठीक से चल नहीं पाते उन्हें सरकार की तरफ से क्या -क्या सुविधाएं दी जाती है ?
   (I) व्हील चेयर (II) जूते (III) डंडी (IV) चश्मा

5. मोहन के स्कूल की दो दिन की छुट्टी थी और वह घर पहुच कर टिफिन निकलना भूल गया, दो दिन के बाद उसने पाया उसकी बची हुई रोटी पर हरे रंग की परत लग गई है, उस परत का नाम बताये ?

(I) रंग (II) वायरस (III) फफूंदी (IV) कीटाणु

6. सरकार की उस योजना का नाम बताये जिसमे फसल ख़राब होने पर किसान को मुआवजा दिया जाता है ?

(I) फसल बीमा

(II) किसान सम्मान निधि

(III) प्रधान मंत्री जन धन योजना

(IV) मुख्यमंत्री कल्याण योजना

7. गेहूं के पौधे का कौन सा भाग हम खाते है ?

(I) बीज (II) पत्ते (III) तना (IV) जड़

8. विश्व वानिकी दिवस कब मनाया जाता है ?

(I) 21 मार्च (II) 23 मार्च

(III) 14 मार्च (IV) 20 मार्च

9. सरकंडो की कटाई का काम किन महीनो में किया जाता है ?

(I) नवम्बर-दिसम्बर में

(II) अगस्त -सितम्बर में

(III) दिसम्बर -जनवरी में

(IV) अक्टूबर -नवम्बर में

10. उल्लू में कौन-सी विशेषताएं होती हैं ?

(I) वह रात को आसानी से देख सकता है ।

(II) वह आवाज़ की कम्पन से शिकार ढूढ लेता है ।

(III) वह रात को सिर्फ काले और सफ़ेद रंग को पहचान सकते है ।

(IV) उपरोक्त सभी ।

11. निम्न में से किस ब्रिटिश यात्री द्वारा महम की बावड़ी की तुलना रोमन साम्राज्य के स्मारकों से की है ?

(I) रमन मुंडे (II) हैरी फ्लोरेंस

(III) सायदु कलाल (IV) पीटर मुंडे

12. निम्न में से कौन सा जीव अंडे न देकर सीधे बच्चे पैदा करता है ?

Which of the following organisms gives birth directly without laying eggs?

(I) मछली (II) डाल्फिन

(III) मेंढक (IV) मच्छर

13. विश्व में सबसे ज्यादा भुकम्प किस देश में आते हैं?

Which country has the maximum number of earthquakes in the world?

(I) भारत (II) इंग्लैंड (III) चिली (IV) जापान

14. निम्न वाक्यों में से गलत की पहचान करें।

(I) दुपहिया वाहन पर बैठे व्यक्ति हमेशा हेलमेट पहनें।

(II) जमीन के अंदर वह स्थान जहाँ भूकंप आरम्भ होता है अधिकेंद्र कहलाता है।

(III) विश्व में सबसे अधिक वर्षा मौसीनराम में होती है।

(IV) मृत सागर का जल मीठा होता है।

15. भारत के पास निम्न में से कौन-सी मिसाइल नहीं है ?

(I) बादल (II) नाग (III) त्रिशूल (IV) अग्नि

**भाग - ख (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)**

**(16-25) प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है |**

16. ________________ पौधा कीटों को खाकर अपनी वृद्धि करता है ।

17. आँखों की सामान्य रोशनी के लिए भोजन में विटामिन ए का होना आवश्यक है जो हमे ____________ और ____________ से मिलता है ।

18. स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत कब की गई थी?

19. हरियाणा के कपालमोचन नामक ऐतिहासिक स्थान पर आकर ____________ ने लोगों को अंधविश्वासों के विरुद्ध जागरूक किया था|

20. दौ ऐसे पौधों के नाम बताये जो बिना बीज के उगाये जाते हैं?

21 तेज़ बुखार के साथ आँखों और हड्डियों के जोड़ों में दर्द __________ बुखार के लक्षण हैं।

22 ग्लोब पर नीले रंग का प्रयोग क्या दर्शाने के लिए किया जाता है?

23 अगर मोहन को वर्षा के जल को मापना हो तो उसे किस यंत्र का प्रयोग करना चाहिए?

24 तेल, दूध, पानी आदि तरल पदार्थों (द्रव) को हम..................में मापते हैं ।

25 किस दिन के पश्चात चन्द्रमा का आकर धीरे-धीरे घटने लग जाता है?

## भाग- ग (अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न)

**(26-33) इन प्रश्नों के उत्तर 10-20 शब्दों में लिखें | प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है |**

26 अभयारण्य किसे कहते है?

27 "कोना कोना चमकाना है, अपने शहर को स्वच्छ बनाना है"| इस नारे में नागरिकों को क्या सन्देश दिया गया है ?

28 हमे अपने विशेष आवश्यकता वाले साथियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए?

29 फसलों को अदल बदल कर क्यों बोया जाता है?

30 प्रकीर्णन किसे कहते है?

31 हमारे राज्य में पर्यटन विभाग के विश्राम गृह के नाम किस के नाम पर रखे गये हैं?

32 वर्षा के जल का संरक्षण (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) से आप क्या समझते हैं?

33 क्या दूषित पानी भूमिगत जल को भी ख़राब करता है?

## भाग - घ (लघु उत्तरात्मक प्रश्न)

**(34-41) इन प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखें | प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है |**

34 भोजन को ख़राब होने से बचाने के लिए प्रयोग होने वाली विधियों के बारे में बतायें?

35 सरकंडो को जड़ों से क्यों नहीं काटा जाता है?

36 जमीन से तेल निकालने के बाद रिफाइनरी क्यों भेजा जाता है?

37 मेघालय में घरों की बनावट उल्टी नाव की भांति ढलाननुमा क्यों बनायीं जाती है?

38 भुकम्प जैसी आपातकालीन स्थिति से बचाव हेतु हमें क्या पूर्व तैयारी करनी चाहिए?

39 गंगा डाल्फिन कई बार मछुआरों के जाल में फसकर मर जाती है क्यों?

40 पानी में खरपतवार की मात्रा बढ़ने से इसका जलीय जीवों पर क्या प्रभाव पड़ता है?

41 सही मिलन करें

| तालिका 1 | तालिका 2 |
|---|---|
| 1. उर्वरक | कीड़े मारने के लिए |
| 2. कम्पोस्ट | अच्छी पैदावार के लिए |
| 3. फसल-चक्र | मिट्टी की उपजाऊ शक्ति बढ़ाना |
| 4. कीटनाशक | फसल अदल-बदलकर बोना |
| 5. अच्छी किस्म के बीज | मिट्टी की गुणवता बढ़ाना |

**भाग-ड (दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न)**

**(42-44) इन प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखें | प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है |**

42. जीभ का चित्र बनाए और उसमें दी गई चीजों के स्वाद का स्थान बताए?

43. मलेरिया बुखार के लक्षणों पर चर्चा करते हुए, उसकी रोकथाम हेतु किये जाने वाले प्रयासों पर विस्तारपूर्वक नोट लिखें ।

44. पर्वतारोहण के दौरान बछेन्द्रीपाल को द्वारा किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था? अपने शब्दों में विस्तारपूर्वक नोट लिखें|